# कारक

CASE

# कारक क्या है?

जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम शब्दों को क्रिया से जोड़ते हैं, उन्हें कारक कहते हैं।

| **कारक** | **चिन्ह** |
|---|---|
| कर्ता | ने |
| कर्म | को |
| करण | से, द्वारा |
| संप्रदान | को, के लिए |
| अपादान | से (अलग होना) |
| संबंध | का, के, की, रा, रे, री |
| अधिकरण | में, पर |
| संबोधन | हे! अरे! |

# कर्ता कारक (ने)

संज्ञा या सर्वनाम के जिस रुप से क्रिया करने वाले का पता चले उसे कर्ता कारक कहते हैं।

<u>कौन या किसने लगाकर प्रश्न करें</u>

जैसे- विशाल **ने** पत्र लिखा।

**मोहन** खाना खा रहा है।



# कर्म (को)

वाक्य में क्रिया का फल करता पर न पड़कर , किसी अन्य संज्ञा शब्द पर पड़ता है ।

क्रिया से पहले क्या या किसे लगाकर प्रश्न



जैसे- राम ने रावण **को** मारा।

मां बच्चे **को** पढ़ा रही है।

# करण (से, के द्वारा)

करता जिस साधन से क्रिया करता है।

<u>क्रिया से पहले किससे या किनसे लगाकर प्रश्न</u>

जैसे- बच्चा गेंद **से** खेलता है।

रोहित पेन **से** लिखता है।



# संप्रदान (को, के लिए)

करता द्वारा जिस संज्ञा या सर्वनाम के लिए कोई कार्य किया जाए या कुछ दिया जाए।

क्रिया से पहले किसके लिए या किसे लगाकर प्रश्न

जैसे- विशाल बहन **के लिए** चॉकलेट लाया ।

सेठ जी ने गरीबों **को** पैसे बांटे।



# अपादान (से- अलग होना)

संज्ञा शब्द से अलग होने तुलना करने, डरने और सीखने का भाव।

क्रिया के पहले कहां से अथवा किससे लगाकर प्रश्न करें।



जैसे- पेड़ **से** पत्ते गिरे।

अमन सोहन **से** तेज दौड़ता है।

वह सांप **से** डर गया।


# संबंध (का, के, की, रा, रे, री)

संज्ञा के जिस रूप से किसी वस्तु या व्यक्ति का एक दूसरे से संबंध का बोध हो।

<u>वाक्य में आए कर्म के साथ किसका अथवा किसकी लगाकर प्रश्न</u>

जैसे- यह मे**री** पुस्तक है।

डॉक्टर दिनेश मे**रे** पिताजी हैं।



# अधिकरण (में, पर)

संज्ञा और सर्वनाम की जिस रूप से क्रिया के होने के स्थान का पता चले।

<u>क्रिया से पहले कहां या किस में लगाकर प्रश्न करें।</u>



जैसे- बगीचे **में** फूल खिले हैं।

बंदर पेड़ **पर** बैठा है।

रितु कमरे **में** सो रही है।


# संबोधन (हे! अरे!)

वाक्य में संज्ञा के जिस रूप से किसी को बुलाने या सावधान करने का भाव प्रकट हो।

जैसे: **हे भगवान!** मेरी मदद करिए।

**अरे भाई!** जरा सड़क पार करा दो।

**अरे!** यह चित्र तुमने बनाया है।



# धन्यवाद